
दैनिक
प्रातः कालीन
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र



# क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 02 अंक :- 329 | मुरादाबाद, 31March 2023 (Friday) | पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## CM योगी ने कन्याओं का पांव पखार किया कन्या पूजन, बोले- नवरात्र का पर्व नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक

गोरखपुर- गोरक्षपीठाधीश्वर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि पर मां भगवती के नौ स्वरूपों की प्रतीक नौ कन्याओं का पूजन कर नवरात्र आराधना पूरी की। मंत्रोच्चार के बीच एक घंटे चली पूजन प्रक्रिया में उन्होंने नौ कन्याओं और एक बटुक भैरव के पांव पखारकर उन्हें अपने हाथ से भोजन कराया।कन्याओं को दक्षिणा व उपहार देकर विदाई करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्र का पर्व नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक है। सनातन हिंदू धर्म में कुंवारी कन्याओं का पूजन और सत्कार आदि शक्ति मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों का पूजन है। योगी ने कहा कि नवरात्र का अनुष्ठान आध्यात्मिक शक्ति के साथ-साथ सामाजिक एकता के माध्यम से राष्ट्रीय एकता का मजबूत करने का अवसर है। इसे हर सनातन अनुयायी को समझना होगा। कन्या पूजन से पहले ब्रह्म मुहूर्त में सुबह चार




बजे मुख्यमंत्री ने श्रीदुर्गा सप्तशती के पाठ और आरती के साथ मंदिर में देवी के नौवें स्वरूप सिद्धिदात्री की आराधना भी की।

### सीएम योगी ने प्रदेशवासियों के मंगल के लिए मां से की प्रार्थना

नवरात्र की नवमी आराधना के लिए मुख्यमंत्री बुधवार की शाम लखनऊ से गोरखपुर लौटे और नवरात्र की अष्टमी तिथि पर मां दुर्गा के आठवें स्वरूप माता महागौरी की पूजा-अर्चना की। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पीठ की परंपरा के अनुसार हवन व आरती के साथ मुख्यमंत्री ने यह अनुष्ठान पूर्ण किया और मां से प्रदेशवासियों के लिए मंगल की प्रार्थना की। पूजा व हवन मंदिर के प्रधान पुरोहित आचार्य रामानुज त्रिपाठी वैदिक के नेतृत्व में संस्कृत विद्यालय के 11 आचार्यों ने संपन्न कराई, जिसमें डा. रोहित मिश्र, डा. रंगनाथ त्रिपाठी, डा. प्रांगेश कुमार मिश्र, डा. अरविंद चतुर्वेदी, नित्यानंद चौबे आदि शामिल रहे। अंत में प्रसाद वितरण हुआ। इस दौरान मंदिर के प्रधान पुजारी कमलनाथ, संतोष दास सतुआ बाबा आदि मौजूद रहे।

### मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा श्रीराम जन्मोत्सव

चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि यानी रामनवमी के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में अयोध्या शोध संस्थान और संस्कृति विभाग की ओर से श्रीरामजन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित होगा। भय प्रकट कृपाला नाम से मनाए जाने वाले इस जन्मोत्सव कार्यक्रम के संयोजक राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि आयोजन दिन में 12 बजे होगा।

इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मौजूद रहने की संभावना है। जन्मोत्सव कार्यक्रम के क्रम में ही श्रीराम रूप सज्जा का आयोजन होगा,

जिसमें बच्चों को प्रतिभाग के लिए आमंत्रित किया गया है। बेहतर रूप वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा।

शाम को मंदिर के मुक्ताकाशी मंच पर भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें कलाकार राम भजनों की प्रस्तुति करेंगे।

## रामनवमी पर इंदौर में बड़ा हादसा, मंदिर में बावड़ी की छत ढहने से गिरे कई श्रद्धालु; एक महिला की मौत

इंदौर, ऑनलाइन डेस्क। रामनवमी के मौके पर इंदौर में एक बड़ा हादसा हो गया है। दरअसल, श्री बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में छत ढहने से कुछ श्रद्धालु बावड़ी में गिर गए, जिन्हें बचाने का कार्य जारी है। बताया जा रहा है कि अधिकारियों को इस बावड़ी की कोई जानकारी नहीं थी, हादसे के बाद उन्हें इसका पता चला है। इस हादसे में अब तक 12 श्रद्धालुओं को बाहर निकाला जा चुका है। वहीं, बताया जा रहा है कि इसमें एक महिला की मौत हो गई है।



### 25 श्रद्धालु बावड़ी में गिरे

इंदौर के स्नेह नगर के पास पटेल नगर में श्री बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में रामनवमी के मौके पर भारी संख्या में लोग दर्शन के लिए आए थे। उसी दौरान बावड़ी के ऊपर की छत अचानक ढह गई और लगभग 25 लोग बावड़ी में गिर गए।

### हवन के दौरान ढह गई छत

फिलहाल, घायल हुए लोगों को बचाने का काम जारी है। निगम अफसरों के मुताबिक, बावड़ी 40 फीट गहरी है, उस पर लोहे की जाली थी। इसकी चौड़ाई एक कमरे के बराबर है। लोहे की जाली पर स्लैब डालकर इसका निर्माण किया गया था। हवन के दौरान बावड़ी की छत पर ज्यादा लोगों के होने से जाली टूट गई और हादसा हो गया।

### तंग गलियों के कारण बचाव कार्य में हो रही परेशानी

इस हादसे के तुरंत बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि तंग गलियां होने से राहत कार्य में थोड़ी परेशानी आ रही है। एंबुलेंस व 108 की गाड़ी निकलने में भी परेशानी हो रही है। बावड़ी में गिरे कुछ लोगों को जैसे-तैसे बाहर निकाला गया है। कलेक्टर और प्रशासन की टीम सूचना मिलते ही यहां पहुंच गए।

### 15 लोगों का हुआ रेस्क्यू

इंदौर के जिला कलेक्टर इलैयाराजा टी ने कहा ‭卐पंद्रह लोगों को बचाया गया है और 4-5 लोगों को बचाना है। अगले 30 मिनट में अन्य लोगों को बचाया जाएगा। हमारा ध्यान सबसे पहले बचाव कार्यों पर है।

### बावड़ी में लोगों को पहुंचाया जा रहा ऑक्सीजन

घटनास्थल की स्थिति काफी खराब है। हादसे का शिकार हुए लोगों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि बावड़ी में से महिला और बच्ची समेत 15 लोगों को बाहर निकाला जा चुका है। अन्य लोगों के लिए ऑक्सीजन सप्लाई की गई है। हादसे के बाद से ही लोगों में काफी आक्रोश है। अब तक कई बच्चे और महिलाएं बावड़ी में ही फंसे हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में एक महिला की मौत भी हो गई है।

### अधिकारियों से साथ संपर्क में सीएम चौहान

भोपाल में वरिष्ठ अफसरों ने सीएम शिवराज सिंह चौहान को इस घटना की जानकारी दी, जिसके बाद सीएम अधिकारियों के संपर्क में बने हुए हैं। सीएम ने वहां मौजूद अधिकारियों को बचाव कार्य में तेजी लाने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय, इंदौर जिला प्रशासन से निरंतर संपर्क में है। बताया जा रहा हैं कि लगभग 25 इसमें गिरे थे, जिसमें ज्यादातर महिलाएं थीं।

### पीएम ने चिंता जताई

बावड़ी हादसे को लेकर पीएम मोदी ने भी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने ट्वीट के जरिए कहा, 卐इंदौर में हुए हादसे से बेहद आहत हूं। सीएम ञ्च चौहान शिवराज जी से बात की और स्थिति की जानकारी ली। राज्य सरकार बचाव और राहत कार्य में तेजी से आगे बढ़ रही है। मेरी प्रार्थना उन सभी प्रभावितों और उनके परिवारों के साथ है।

### अवैध रूप से बनाया गया था मंदिर

स्नेह नगर के एक निवासी का कहना है कि बावड़ी पर मंदिर का निर्माण अवैध रूप से किया गया था। इसके निर्माण में कुछ नेताओं का भी समर्थन था। मंदिर के ज्यादातर हवन इस बावड़ी के ऊपर ही हुआ करते थे। इसको लेकर पहले भी कई बार शिकायत की गई थी, लेकिन इसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही थी।

## वाराणसी में मुस्लिम महिलाओं ने उतारी श्रीराम की आरती, कहा- धर्म बदलने से पूर्वज नहीं बदलते



शिव नगरी काशी में गुरुवार को चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि और श्रीरामनवमी की धूम है। कहीं पूजा-पाठ तो कहीं कुछ और आयोजन हो रहे हैं। ऐसा ही एक आयोजन हुआ वाराणसी के लमही स्थित सुभाष भवन में। यहां मुस्लिम महिलाओं ने कौमी एकता का संदेश दिया। मुस्लिम महिला फाउंडेशन और विशाल भारत संस्थान से जुड़ी मुस्लिम महिलाओं ने श्रीराम और माता जानकी की आरती उतारी। मुस्लिम महिला फाउंडेशन की नेशनल सदर नाजनीन अंसारी के नेतृत्व में जुटीं हिंदू और महिलाओं ने उर्दू में रचित श्रीराम प्रार्थना और श्रीराम आरती का पाठ किया। जिसमें लिखा था- अयोध्या है हमारे जियारत गाह का नाम, रहते हैं वहां मालिक-ए-कायनात श्री राम, जय श्रीराम, जय श्रीराम। आओ मिलकर हम सब करें उनको सलाम, तकलीफ और गरीबी, दूर करते श्रीराम, जय श्रीराम, जय श्रीराम। आरती में शामिल महिलाओं ने कहा कि धर्म बदलने से पूर्वज नहीं बदलते। सजावटी थाली में मिट्टी के दीपक से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की आरती की गई। जय-जय श्रीराम के नाम का उद्घोष हुआ और राम नाम के दीपक से हिंसा और नफरत के अंधकार को दूर करने का संदेश दुनिया को भेजा गया। मुस्लिम महिलाओं ने बड़ी शिद्दत के साथ भगवान राम के जन्मोत्सव पर सोहर गाए और सबको बधाई दी। मुस्लिम महिलाओं ने भगवान श्रीराम और जगत माता जानकी से मन्नत मांगी कि दुनियाभर में मुस्लिम बेटियों को जीने का अधिकार मिले। हलाला जैसी कुरीति खत्म हो। मुस्लिम महिलाओं ने बड़ी शिद्दत के साथ भगवान राम के जन्मोत्सव पर सोहर गाए और सबको बधाई दी। मुस्लिम महिलाओं ने भगवान श्रीराम और जगत माता जानकी से मन्नत मांगी कि दुनियाभर में मुस्लिम बेटियों को जीने का अधिकार मिले। हलाला जैसी कुरीति खत्म हो।इससे मोहब्बत फैलेगा और कोई भी धर्म खतरे में नहीं आएगा।

## ममता बनर्जी ने पेश किया 'भाजपाई वॉशिंग मशीन' का डेमो तो अखिलेश ने कसा तंज, कहा- UP में चल रहा है एडवांस मॉडल

लखनऊ- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को बीजेपी पर तंज कसने के लिए एक अनोखे तरीका अपनाया। ममता बनर्जी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। दरअसल, कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस की ओर से तैयार किए गए मंच पर एक प्रतीकात्मक वॉशिंग मशीन लगाई गई। इसे बीजेपी की वॉशिंग मशीन बताया गया। ममता बनर्जी ने इसमें काले कपड़े डाले और सफेद निकाले। इसके बाद उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज कसते हुए ट्वीट किया और कहा कि, दीदी ने भ्रष्टाचार की कालिख से पुते लोगों को भाजपा में शामिल होने पर सफ़ेदपोश होकर



बाहर निकालनेवाली जिस 'भाजपाई वॉशिंग मशीन' का डेमो दिखाया है, उसका उप्र में एडवांस मॉडल चल रहा है जिसमें माफ़िया भी धुल जाते हैं और धोनेवाले ख़ुद भी।... सरकार माफ़िया न सही तो ऐसे लोगों की ही सूची दे। दरअसल, सीएम ममता और उनकी पार्टी की ओर से तंज कसा गया कि 'बीजेपी शासन में केंद्रीय एजेंसियों के जरिये विपक्ष को परेशान किया जाता है लेकिन जैसे ही कोई विपक्षी नेता बीजेपी में शामिल होता है तो वह निर्दोष हो जाता है। टीएमसी की ओर से इस प्रदर्शन का वीडियो भी ट्वीट किया गया। इसमें बताया गया कि यही है 'बीजेपी की वॉशिंग मशीन का जादू।' वहीं, प्रदर्शन के दौरान टीएमसी कार्यकर्ताओं की ओर से 'वॉशिंग मशीन.. भाजपा' के नारे लगाए गए। बता दें कि लोकसभा चुनाव 2024 से पहले, पश्चिम बंगाल में स्थानीय निकाय चुनाव होने हैं। उससे पहले केंद्र से मिलने वाले फंड को लेकर राजनीति गरमाई हुई है। बनर्जी ने केंद्र सरकार पर राज्य में केंद्रीय योजनाओं के लिए फंड नहीं देने आरोप लगाया है।

## वडोदरा में रामनवमी शोभा यात्रा पर पथराव, स्थिति तनावपूर्ण होने के बाद भारी पुलिस बल तैनात

गुजरात - वडोदरा में रामनवमी शोभा यात्रा के दौरान एक मस्जिद के सामने स्थिति तनावपूर्ण होने की बात सामने आई है। शहर में असामाजिक तत्वों द्वारा शांति भंग करने की कोशिश की गई है। जानकारी के अनुसार रथ यात्रा के फतेपुरा से रवाना होने से पहले उसपर पत्थर फेंके गए हैं।




### पत्थर फेंककर वाहनों में की गई तोड़फोड़

कई वाहनों पर भी पत्थर फेंककर तोड़फोड़ किये जाने से माहौल तनावपूर्ण हो गया। हालांकि पथराव की घटना होते ही पुलिस का काफिला मौके पर पहुंच गया। स्थानीय पुलिस का कहना है कि अब कोई समस्या नहीं है और इलाके में शांति कायम है। पुलिस का कहना है कि लोगों को उनके घर भेज दिया गया है और कोई घायल नहीं हुआ है। बता दें कि इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। शोभायात्रा में आए श्रद्धालुओं ने बताया कि जब शोभा-यात्रा निकल रही थी, उस दौरान हनुमान चालीसा का पाठ किया जा रहा था, तभी अचानक पथराव हो गया और अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। पथराव से वाहनों के शीशे टूट गए और स्थानीय महिलाओं के सिर पर भी पथराव किया गया, जिससे लोग भड़क गए।

### दो गुटों में टकराव

वडोदरा के डीसीपी यशपाल जगनिया ने कहा कि सिटी थाना क्षेत्र में एक मस्जिद के सामने दो गुटों के बीच टकराव हुआ था। उन्होंने कहा कि मस्जिद के सामने से जब यात्रा निकल रही थी तब कुछ लोग एकत्रित हो गए थे लेकिन उन्हें समझाकर वापस भेज दिया गया। इलाके में शांति है, शोभा यात्रा आगे निकल चुकी है।

## संपादकीय Editorial

# Girls' 'champion' punches

The daughters of India have once again made the country proud. History has been created. Ancient, gender myths related to women have also been dissolved. Striking and harsh sports like boxing have given new sky, new relevance. Have created a strong and winning generation of Mary Kom. Neetu Ghanghas, Nikhat Zareen, Sweety Boora and Lovlina Borgohan are the 'world champions' of boxing today. She has won the 'Gold Medals' of the World Women's Boxing Championship in the 48, 50, 70-75 and 81 kg weight categories respectively. These medals are unique, wonderful, unprecedented and a symbol of strength. Once upon a time it could be imagined that our daughters would be able to touch such heights in the world level boxing game, but today the reality is in front. These four daughters became 'world champions' in the same stadium in the capital Delhi, where six-time world champion Mary Kom said an 'emotional goodbye' to the game about five years ago. Perhaps then there would have been a question and doubt as to who would fill the 'void' of Mary Kom? Will women boxing be safe or not? But not one, but the 'champion punches' of four daughters proved that the game is still locked in safe cages. Mary Kom's generation is also 'world champion'. In the era when Mary Kom started this game of punches, she also had to face social harassment and anti-women thinking. Sania Mirza, Saina Nehwal, PV Sindhu, Mirabai Chanu and women wrestlers also heard many concerns, questions were raised even on dress, had to listen to the decline of culture and traditions, but all these players have been of 'world champion' level.

When the 'National Anthem' is played on international forums and the 'Tiranga' is honoured, many myths of gender stereotyping are shattered. Today sports cannot be analyzed on the basis of gender discrimination. Nikhat Zareen, a Muslim girl from Hyderabad region, has become the 'world champion' for the second time in a row in the 50 kg weight category. After Mary Kom, only Zareen has achieved this feat. There are three other sisters in the house and Abbu is just a salesman. There have been social as well as economic restrictions. Despite those inconsistencies, Zareen has again become the 'world champion'. With the amount of her title, she wants to send her parents to 'Umrah', so Zareen's mental and emotional breadth is to be admired. Zareen also won a gold medal in the Commonwealth Games. Neetu Ghanghas is only 22 years old. Her weight category is 48 kg, in which Mary Kom became the 'World Champion'. He also won an Olympic medal. Lovlina's background is no less pathetic, but she had cleared her talent by winning a bronze medal in the Tokyo Olympics. For the first time, she has become the 'World Champion' in the 70-75 kg weight category. Sweety Boori is married like Mary Kom, but her barrage of punches, power, aim have not gone astray. One thing in common between Lovlina and Mary Kom is that both hail from the Northeast and are making India proud.

# Technology: How to become an export based system, digital skills are needed with innovation

It is no small matter that exports from India are increasing even in the midst of global economic crisis and global export challenges. Recently, Union Commerce Minister Piyush Goyal said in the 'Raisina Dialogue 2023' conference that India has exported a record worth $ 676 billion in the goods and services export sector in the financial year 2020-21. Exports from India are expected to reach a peak worth $750 billion in the financial year 2022-23. He also said that by the year 2030, India's exports can cross $ 2,000 billion i.e. two trillion dollars. It is no small matter that exports from India are increasing even in the midst of global economic crisis and global export challenges. If we analyze the new data of product exports, we find that majorly US, UAE, China, Bangladesh and Netherlands have been exported on a large scale. In terms of export products, petroleum products, electronic products, engineering products, leather, coffee, plastics, readymade garments, meat and milk products, marine products and tobacco have played an important role in export growth. Also, higher engineering exports, apparel and clothing exports etc. indicate that the perception that India is a major exporter of primary commodities is slowly changing. Now more and more value added and high quality goods are also being exported by India. It is important that India is also ensuring the supply of food grains to the needy countries of the world on the basis of humanity while registering its presence as a new emerging country of agricultural exports on the world stage. Exports of fruits and vegetables, apart from food grains, non-basmati rice, wheat, millets, maize and other coarse cereals, from India have seen a huge growth. The special thing is that due to Kovid-19, there has been a significant increase in India's service exports. There is no doubt that the free trade agreements (FTAs) signed by India with the United Arab Emirates and Australia have also played an effective role in increasing exports from the country in the year 2022. It is also the success of India's growing global export credit that the Reserve Bank of India (RBI) proposed in July 2022 to denominate foreign trade transactions in rupees to reduce dependence on the dollar and increase exports. Banks in 18 countries have so far opened special Vostro accounts for trading in the Indian rupee after Russia, Mauritius and Sri Lanka started foreign trade in the Indian rupee by March 15. More than 35 countries of the world have shown interest in doing business in rupee. This will give a big advantage to India on the export front. Now to make the country an export based economy, we need to pay attention to many things. These include negotiations for FTAs with the European Union, the UK, Canada, the six Gulf Cooperation Council (GCC) countries, South Africa, the US and Israel. The experimental beginning of digital rupee by the Reserve Bank needs to be expanded. In order to increase exports, the 24 sectors identified under manufacturing in the 'Self-reliant India' campaign need to be taken forward on a priority basis. To increase exports from the country, the pace of digitization of the economy, research and innovation and equipping the manpower with new digital skills will have to move rapidly. Only with such various strategic efforts can India become an export-oriented economy and achieve the ambitious target of $2 trillion in goods and services exports by 2030.

# Challenge: Water crisis is out of political discourse, plans made on paper get 'swept away' on the ground

With 18% of the world's population and only 4% of water resources, India is one of the most water-stressed countries in the world. The government has launched many schemes, but the government intention at the ground level does not match with the allocation and what is worse, their implementation. Loud rhetoric defines political discourse in India. This week the contest was about whether democracy is alive or dead in the country, on which both the sides kept on explaining and extinguishing their respective points. The reason is to mute the mike of the opposition MPs. The parliamentary session has been hijacked by party electoral politics. The tragic irony is that politics has diverted the democratic process from issues that matter to the people of India. The fact is that India is facing an acute water crisis. The El Nino cycle is going to affect the monsoon this year. The gap between the need and availability of water is increasing continuously. Worryingly, experts are predicting that the water crisis will worsen. The World Water Development Report, 2023, released last week, states that 2.4 billion people living in cities around the world are facing acute water stress and by the year 2050 'India will be the most severely affected country'. The alarm bell has rung. Last month, the World Bank reported that 'with the onset of summer, water becomes as precious a commodity as gold in India'. With 18% of the world's population and only 4% of water resources, India is one of the most water-stressed countries in the world. Parliament was informed this week that per capita water availability will drop from 1,486 cubic meters to 1,367 cubic meters by 2031. While the government's 'Har Ghar Jal' scheme has made progress – 8.2 crore rural households have been provided with tap water since August 2019, but the gap is so large that four out of 10 households still do not have tap connections are connected. Parliament records till March 2023 show that 69% of households in West Bengal, 67% in Jharkhand, 66% in Uttar Pradesh, 60% in Chhattisgarh and 63% in Rajasthan do not have tap connections. The water crisis tops the list of crises described in my book The Gated Republic. Water crisis can be seen in almost every big city and town. Every metropolis relies on long-distance solutions for water—Mumbai relies on water from the Tansa and Vaitarna dams, Delhi on water from Uttar Pradesh, Haryana and Himachal Pradesh. Urban India is dependent on packaged water and tankers for drinking water. Last month, Maharashtra's Deputy Chief Minister Devendra Fadnavis had a unique task: ending a strike by private operators who supply water to Mumbai through 2,000 tankers. Water tanker strikes are not unique to Mumbai and such incidents have been regularly witnessed in Chennai, Bangalore, Delhi and elsewhere. Water supply through tankers is dependent on ground water. The Parliamentary Standing Committee on Water Resources in its latest report revealed that 'ground water provides 80 per cent of India's rural drinking water, 50 per cent of urban drinking water and almost two-thirds of irrigation needs. In the last four decades, about 84 per cent of the total increase in irrigation has come from groundwater.' The report underlines that 'the availability of groundwater is critical to the food and water security of future generations.' According to the Central Water Commission, 89 percent of groundwater extraction is for irrigation and the rest for domestic and industrial use. Ground water exploitation has crossed 100 per cent in Delhi, Haryana, Punjab and Rajasthan. To prevent over-exploitation of water, India needs to reform its crop map—that is, crops such as paddy and sugarcane must be grown outside water-scarce areas. The government has launched many schemes, but the government intention at the ground level does not match with the allocation and what is worse, their implementation. Per drop more crop scheme came in the year 2015-16. The Standing Committee on Agriculture revealed that so far only 69.55 lakh hectares of land has been covered under micro-irrigation. There is a need to propagate the ideas and programs of water conservation. Smart agriculture can reduce water loss and increase climate resilience if technology is used, but the budget for research is just 0.49 per cent of agriculture-GDP, compared to South Africa's 2.8 per cent and Brazil's 1.8 per cent. is less. Agri-start-ups are expected to bridge the gap. Furthermore, water is a state subject and the execution of the policy passes through six departments and various committees. The success of the schemes hinges on active Centre-State cooperation. In July 2015, the government launched the 'Har Khet Ko Pani' scheme under the Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana (PMKSY). The report of the Standing Committee on Rural Development suggests that the PMKSY allocation has been reduced from Rs 1,697 crore to Rs 869 crore in 2022-23, of which only Rs 414 crore has been spent till January 2023. The reason for this is that 'projects in most of the States/UTs are at initial stages'. The issue is not just about the use of water in agriculture, but also how India improves water use. India hardly uses one-third of its rainwater. It rains only for four to five months in the whole country.whereas water is needed for twelve months. The grand idea of inter-linking of rivers has so far been mired in challenges of politics and economics. Globally, success stories abound on the water front. Many countries are taking advantage of technologies to recycle water. More than 40 percent of Singapore's needs are met by recycled water. India cannot afford water scarcity and wastage. Water security is critical to national security.

# Role of teachers, so that their image improves and they become role models for future generations

This initiative of the Ministry of Education is welcome that under the new education policy, the state governments will have to guarantee that they will not engage teachers in non-academic work. It is possible that on the request and order of the Union Ministry of Education, the state governments will agree that they will not engage teachers in non-academic work, but they will be able to guarantee it only when they take the help of other departments for those works. Which are still handed over to the teachers. Union Ministry of Education, various High Courts, Education Boards and teachers' organizations have been saying for a long time that teachers should not be used for non-academic work, but the result is only three layers of cover. The truth is that as the emphasis continued that teachers should not be engaged in other works, the process of spending them in works other than teaching continued. This situation prevailed in almost all the states of the country. This is because it has become a practice to assign non-academic work to teachers. Is it to be expected that on the initiative of the Ministry of Education, the state governments will come forward to guarantee that teachers will not be entrusted with any responsibility other than teaching? This is an unanswered question at the moment, but the state governments will have to give a positive answer to it. Spending teachers in other works other than education is a way of deliberately ignoring the importance of education. State governments should stop this neglect with immediate effect. There is no justification that every new work should be handed over to the teachers. According to an estimate, in some states, teachers are engaged in more than a dozen such works, which have no direct relation with education. Just as the state governments are expected not to engage teachers in non-academic work, similarly teachers are expected to perform their duties of teaching with dedication. They have the great responsibility of molding the future generation and especially of building its character. One can understand that due to various reasons this responsibility is not being fulfilled. This is the reason why the image of teachers in the society is not the same as it used to be at one time. It would be good if the state governments, teachers' organizations, schools and teachers themselves consider such measures to improve the image of teachers and make them role models for future generations. It is also the responsibility of the teachers to introduce the students to such people who can become role models for them and they can become better citizens.

# रामनवमी पर हनुमान चालीसा का पाठ, हर ओर जय श्रीराम की गूंज



मुरादाबाद- राष्ट्रीय पुजारी परिषद ने महानगर में 111 स्थानों पर चैत्र शुक्ल नवमी रामनवमी पर श्रीराम जन्मोत्सव का कार्यक्रम किया। भजन-कीर्तन, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, रामअवतार पाठ श्रीराम स्तुति एवं श्रीराम की महाआरती की गई। कानून गोयान स्थित चामुंडा मंदिर पर राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने राम भक्तों को संबोधित किया। कहा कि भगवान राम के राज को हम राम राज्य के नाम से स्मरण करते हैं। क्योंकि उनके राज्य में सर्वोत्तम शासन व्यवस्था, अर्थनीति, धर्म नीति, समाज नीति और राजनीति की मर्यादा स्थापित हुई। देहरी गांव माता वैष्णो देवी मंदिर पर पुजारी महेंद्र सिंह के नेतृत्व में, प्राचीन हनुमान मंदिर पर पंडित प्रवीण शर्मा के नेतृत्व में, गुजराती मोहल्ला स्थित सीताराम मंदिर पर पंडित हरे कृष्ण दुबे के नेतृत्व में, शिव दुर्गा मंदिर कंजरी सराय पंडित रमेश चंद शर्मा के नेतृत्व में, गंज घास मंडी राधा कृष्ण मंदिर पर पंडित सुशील कुमार शर्मा के नेतृत्व में, प्रेम वंडर लैंड मंदिर पर पंडित कामेश्वर मिश्रा के नेतृत्व में, हाथी वाला मंदिर पर पंडित राम नायक पांडे के नेतृत्व में, कटघर बीच हनुमान मंदिर पर देवेंद्र भारद्वाज के नेतृत्व में श्री रामजन्म उत्सव मना। कार्यक्रम में मनोज व्यास, राकेश आर्ती, अभिजीत अग्रवाल, बबलू भटनागर, अनिल रस्तोगी, शम्मी रस्तोगी, अक्षय रस्तोगी, पं. संकल्प नारायण शर्मा, आयुष रस्तोगी, प्रियांशु रस्तोगी, रीना रस्तोगी, वंदना शर्मा, स्वाति शर्मा, शकुंतला शर्मा निशा अग्रवाल आदि शामिल रहे।

# सबको रुला गईं अक्शा-अलफिजा: खेलते हुए गड्ढे में गिरीं तीन बच्चियां, डूबकर दो की मौत; एक की हालत गंभीर



मुरादाबाद- शहतूत तोड़ने के बाद तीनों गड्ढे के किनारे खेलने लगीं। इसी दौरान खेलने समय पैर फिसलने से पहले अलफिजा गड्ढे मे गिर गई। उसे बचाने में अक्शा भी गड्ढे में गिर गई। दोनों को बचाने की कोशिश में इबा भी गड्ढे में गिर गई। मुरादाबाद के बिलारी कोतवाली क्षेत्र के ग्वारऊ गांव के जंगल में बुधवार दोपहर ईंट भट्ठे के गड्ढे में भरे बारिश के पानी में खेलते समय तीन बालिकाएं डूब गईं। इसमें अलफिजा ( 10 ) पुत्री सलमान और अक्शा ( 08 ) पुत्री नबी हसन की मौत हो गई जबकि तीसरी बालिका इबा ( 08 ) की हालत गंभीर है। निजी अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है। ग्वारऊ गांव से करीब 300 मीटर दूर जंगल में ग्वालखेड़ा गांव निवासी बंटी सिंह का ईंट भट्ठा है। ईंट भट्ठे से 200 मीटर दक्षिण में कच्ची ईंट बनाने के लिए मिट्टी उठाई गई थी। इससे यहां काफी गड्ढा बन गया है। बीते दिनों हुई बारिश से गड्ढे में पानी भर गया था। बुधवार दोपहर अलफिजा, अक्शा और इबा एक साथ घर से भट्ठे के गड्ढे के किनारे खड़े पेड़ों से शहतूत तोड़ने गई थीं। शहतूत तोड़ने के बाद तीनों गड्ढे के किनारे खेलने लगीं। इसी दौरान खेलने समय पैर फिसलने से पहले अलफिजा गड्ढे मे गिर गई। उसे बचाने में अक्शा भी गड्ढे में गिर गई। दोनों को बचाने की कोशिश में इबा भी गड्ढे में गिर गई। कीचड़ में पैर फंस जाने से इबा पानी में हाथ मारकर छटपटाने लगी जबकि अलफिजा और अक्शा पानी में डूब गईं। गड्ढे के किनारे खड़े ग्वारऊ निवासी अलीम के बेटे मोहम्मद रजा ( 12 ) ने जब बालिकाओं को पानी में डूबते हुआ देखा तो शोर मचाने लगा। शोर सुनकर आसपास के खेतों में मौजूद किसान मौके पर पहुंचे और तीनों बालिकाओं को बाहर निकाला। इसी दौरान परिजन भी आ गए। वह तीनों को बिलारी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डॉक्टर ने अलफिजा और अक्शा को मृत घोषित कर दिया जबकि इबा की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। निजी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है। हादसे की सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी अमित कुमार सिंह और सीओ सलोनी अग्रवाल भी ग्वारऊ गांव पहुंच गए और गड्ढे के पास जाकर जांच पड़ताल की। एसपी देहात संदीप कुमार मीना ने बताया कि दोनों बालिकाओं के शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिए गए हैं।

# डंपर की टक्कर से स्कूटी सवार बेटे की मौत, पिता घायल



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद/ कुंदरकी- थाना क्षेत्र में नया बाईपास जीरो प्वाइंट पर गुरुवार दोपहर 12 बजे डंपर ने स्कूटी सवार पशु व्यापारी पिता-पुत्र को रौंद दिया। हादसे में पुत्र की मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायल को अस्पताल पहुंचवाया। वहीं पीड़ित परिजनों ने अपने गांव के ही कई लोगों के खिलाफ डंपर से टक्कर मारकर मारने के आरोप में पुलिस को तहरीर दी है। क्षेत्र के गांव भघरवा में हनीफ का परिवार रहता है। गुरुवार दोपहर वह बेटे शारिक ( 15 ) के साथ स्कूटी से कमालपुर से बकरी लेकर जलालपुर के बाजार में जा रहे थे। जब वे दोनों जीरो प्वाइंट पर पहुंचे। तभी उनकी स्कूटी को डंपर चालक ने टक्कर मार दी। जिससे शारिक की मौत हो गई। हादसे में उनकी बकरी भी मर गई, जबकि हनीफ घायल हो गया।

# महमूदपुर माफी में चाइनीज मांझे से युवक की गर्दन कटी, लहूलुहान हालत में अस्पताल में कराया भर्ती

मुरादाबाद- आकस्मिक हादसे से परिजन बैचेन हो गए हैं। मैनाठेर कोतवाल मनोज कुमार ने बताया कि जांच करने पर पता चला कि बाइक सवार युवक के गले में पतंग का मांझा फंसने से वह घायल हुआ है। जिसको इलाज के लिए मुरादाबाद ले जाया गया है। यूपी के कुंदरकी के मैनाठेर थाना क्षेत्र में मुरादाबाद संभल रोड से सटे महमूदपुर माफी नगर में शाम रोजा इफ्तार का सामान लेने जा रहे बाइक सवार युवक की गर्दन पतंग के चाइनीज मांझे से कट गई। लहूलुहान हालत में युवक को इलाज के लिए मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महमूदपुर माफी निवासी बाइक सवार मोहम्मद अमान 19 वर्ष पुत्र लईक अहमद मुरादाबाद संभल रोड से सटे बाजार से रोजा इफ्तार का सामान लेने के लिए गया था। इसी बीच युवक की गर्दन पर चाइनीज मांझा लिपट गया। जब तक युवक कुछ समझ पाता, तब तक उसकी गर्दन चाइनीज मांझे से कट गई और वह लहूलुहान होकर बाइक लेकर नीचे गिर गया। लोगों ने उसको संभाला। सूचना पर आए परिजन लहूलुहान युवक को उपचार के लिए स्थानीय निजी अस्पताल में ले गए लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे मुरादाबाद के निजी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वहां पर उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। डॉक्टरों ने ऑपरेशन करने के लिए युवक को ऑपरेशन थिरेटर में ले लिया है। आकस्मिक हादसे से परिजन बैचेन हो गए हैं। मैनाठेर कोतवाल मनोज कुमार ने बताया कि जांच करने पर पता चला कि बाइक सवार युवक के गले में पतंग का मांझा फंसने से वह घायल हुआ है। जिसको इलाज के लिए मुरादाबाद ले जाया गया है। सम्बंधित समचार फोटो फोटो संख्या चार भेजा गया है।

# यात्री ने लगाया मारपीट का आरोप, डीआरएम से कार्रवाई की मांग

मुरादाबाद- सामान्य श्रेणी का टिकट लेने पर यात्री और रेलकर्मी में विवाद हो गया। यात्री ने कर्मचारी पर मारपीट का आरोप लगाते हुए डीआरएम से कार्रवाई की मांग की है। असालतपुरा निवासी सलीम ने डीआरएम को दिए गए शिकायत पत्र में बताया कि दो दिन पहले वह रेलवे स्टेशन स्थित टिकट खिड़की से टूंडला का टिकट ले रहे थे। उनकी ट्रेन प्लेटफार्म से चलने वाली थी। बताया कि खुले पैसे को लेकर सलीम और टिकट देने वाले कर्मचारी के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि इस बीच कर्मचारी ने यात्री से अभद्रता की। यात्री ने अपने मोबाइल से वीडियो बनानी चाहिए। इस पर कर्मचारी बाहर आ गया और उसने यात्री के साथ मारपीट की। गुरुवार को सलीम ने डीआरएम अजय नंदन को शिकायत पत्र देकर आरोपी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# लिफ्ट देकर महिला को ले गया जंगल, फिर आरोपी ने दिखाया अपना असली रूप, वारदात को अंजाम दे भागा

मुरादाबाद- पीड़िता के भाई ने तहरीर में बताया कि आरोपी युवक ने उनके साथ बेरहमी से मारपीट की। गले व छाती में चोट के निशान हैं और आरोपी महिला को मरा समझ छोड़कर चला गया। चंदौसी के कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव धूमनगर से चंदौसी आ रही महिला ममता शर्मा ( 48 ) को बाइक सवार युवक ने लिफ्ट दी और जंगल में ले गया। भीकमपुर के जंगल में मारपीट कर जेवर व नकदी का बैग छीन लिया। आरोपी ने साड़ी से महिला का गला दबाया और उसे मरा समझकर छोड़ गया। देर शाम करीब सात बजे महिला किसी तरह वीर सावरकर नगर में अपने भाई के पास पहुंची और घटना से अवगत कराया। परिजनों ने महिला का उपचार सीएचसी में कराया है। भाई की तहरीर पर पुलिस ने आवास विकास निवासी राजेश कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव धूमनगर निवासी महिला ममता शर्मा का लगभग 20 वर्ष से पति जितेंद्र पाठक से विवाद चल रहा है। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। वह गांव में अपने भाई श्रीकांत शर्मा के साथ रहती है। जबकि महिला के पिता उमाशंकर का निधन हो चुका है। महिला की बुधवार को जिला न्यायालय में वाद की तारीख थी। मंगलवार की शाम चार बजे महिला चंदौसी आने के लिए चल दी। महिला अपने गांव से कुछ दूर पहुंची तो एक अपरिचित युवक बाइक लेकर खड़ा था। उसने महिला ने कहा कि वह चंदौसी जा रहा है। महिला युवक की बात पर विश्वास कर बाइक पर बैठ गई। बाइक सवार युवक कच्चे रास्ते से महिला को गांव भीकमपुर के जंगल में गया। जहां एक स्थान पर बाइक रोकने बाद युवक ने महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी। महिला ने विरोध किया तो उसे जमकर पीटा। आरोपी ने साड़ी से उसका गला दबाया और महिला को मरा समझ छोड़ दिया। युवक महिला के कानों से सोने के कुंडल, सोने की लौंग, बैग ले गया। बैग में चार हजार रुपये, आईडी, बैंक की पासबुक व अन्य कागजात थे। घटना के एक घंटे के बाद महिला को होश आया तो वह किसी तरह मुरादाबाद रोड स्थित वीर सावरकर नगर अपने भाई की घर पहुंची और घटना से अवगत कराया। सुबह भाई हरिओम शर्मा ने अपनी बहन का उपचार का सीएचसी में कराया। घटना की तहरीर थाना कुढ़फतेहगढ़ में दी गई है। भाई ने बताया कि आरोपी युवक ने उनके साथ बेरहमी के साथ मारपीट की। गले व छाती में चोट के निशान है और आरोपी महिला को मरा समझ छोड़कर चला गया। आरोपी ने उसकी बहन से बातचीत में अपना नाम राजेश कुमार निवासी आवास विकास कॉलोनी बताया है। पुलिस ने राजेश कुमार के नाम पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला को बाइक पर लिफ्ट देकर मारपीट की तथा उसके कुंडल आदि छीन लिए गए हैं। महिला के भाई की तहरीर पर एक व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है। -दीपक तिवारी, सीओ चंदौसी

KNLS लाइव
KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश .
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
व्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
बिना किसी सिक्यूरिटी के
KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार बेटी की मौत, पिता घायल, नाराज लोगों ने लगाया जाम

मुरादाबाद- अमरोहा के उझारी संभल-उझारी मार्ग पर बुधवार की रात को ट्रैक्टर की टक्कर लगने से बाइक सवार बेटी की मौत हो गई जबकि पिता घायल हो गया। घटना से नाराज लोगों ने जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। सैदनगली थाना गांव ईशापुर शर्की निवासी हरपाल सिंह क्लीनिक चलाते हैं। बुधवार की रात को वह 13 वर्षीय बेटी रितिका के साथ उझारी से बाइक पर सवार होकर अपने गांव जा रहे थे। उझारी के नजदीक बैंकट हॉल के सामने से ट्रैक्टर से टक्कर हो गई।

जिसमें रितिका की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि हरपाल सिंह घायल हो गए। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। नाराज ग्रामीणों ने संभल हसनपुर मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया। इस दौरान करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा। जिससे आवागमन प्रभावित रहा। लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक रणवीर सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है जबकि घायल का अस्पताल में उपचार कराया जा रहा है।उधर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। नाराज ग्रामीणों ने संभल हसनपुर मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# आईटीआई बिजलीघर पर गांव हरीसिंहपुर ( मुरकटी ) के लोगों ने धरना प्रदर्शन किया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-कासगंज रोड स्थित आईटीआई बिजलीघर पर गांव हरीसिंहपुर ( मुरकटी ) के दर्जनों लोगों ने धरना प्रदर्शन किया। जेई पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराने के साथ घूसघोरी का आरोप लगाया। वहीं एक प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जेई पर कार्रवाई की मांग की। धरना प्रदर्शन के दौरान गांव हरीसिंहपुर मुरकटी निवासी कौशलेंद्र कुमार, सुनीता देवी, प्रेमपाल सिंह, सूरमा देवी सहित अन्य लोगों ने संयुक्त रुप से बताया कि बीते दिन सोमवार को आईटीआई बिजलीघर जेई जवाहर सिंह ने गांव के बीस से अधिक लोगों पर बिजली चोरी के मामले में फर्जी एफआईआर दर्ज कराई है। जेई ने उन लोगों पर भी एफआईआर दर्ज कराई है जो लोग कनेक्शन धारक न होने के साथ वर्षों से गांव में भी नहीं रहते। गांव के लोगों ने आरोप लगाते हुए बताया कि जेई ने मनमानी की है, जो लोग वास्तव में चोरी कर रहे थे। उन्हें दूसरा कनेक्शन भी दे दिया है। लोगों ने फर्जी एफआईआर खत्म कराने के साथ मामले की जांच कराने की अपील की। हरिसिंहपुर मुरकटी में सोमवार को एसडीओ और जेई ने टीम के साथ संयुक्त रुप से चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें 15 लोग बिजली चोरी करते हुए पकड़े गए थे। सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। इनके अलावा तीन लोगों पर बकाया बिल जमा न करने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिन लोगों के नाम एफआईआर हुई है।एपी सिंह,एक्सईएन, विद्युत वितरण ग्रामीण खंड द्वितीय एटा।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख, जिपं सदस्यों की होगी कुर्की



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-अलीगंज-महिला से छेड़खानी, लूट व हमले के मामले में फरार चल रहे पूर्व ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्यों के घर की कुर्की होगी। मंगलवार को अलीगंज पुलिस ने उनके आवास पर जाकर कुर्की का नोटिस चस्पा किया। इससे पहले मामले में कई बार नोटिस चस्पा कर बयान के लिए बुलाया गया था। थाना जसरथपुर के एक गांव निवासी महिला ने कोतवाली अलीगंज में 2021 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया कि वह दवा लेने जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में आरोपियों ने घेरकर पिटाई की। छेड़खानी तथा लूट का भी आरोप लगाया था। पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव के भाई पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामनाथ यादव पुत्र लालाराम, उनका बेटा विक्रांत यादव, पुष्पेंद्र यादव, प्रमोद यादव को भी आरोपी बनाया गया था। मामले में बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। कोई भी बयान दर्ज कराने पहुंचा। आरोपियों के खिलाफ कोर्ट ने कुर्की के आदेश जारी किए हैं। विवेचना इंस्पेक्टर क्राइम प्रदीप कुमार कर रहे हैं। मंगलवार को अलीगंज प्रभारी प्रेमपाल सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम प्रदीप कुमार फोर्स के साथ थाना जसरथपुर के गांव अमृतपुर रघुपुर पहुंचे और कुर्की का नोटिस चस्पा किया। इसके साथ ही पंचायतघर पर भी नोटिस चस्पा किया गया है। महिला के साथ छेड़खानी, लूट, हमले के मामले में आरोपी हाजिर नहीं हुए हैं और न ही पकड़े गए हैं। मंगलवार को फरार चल रहे चार आरोपियों के घर जाकर पुलिस ने कुर्की का नोटिस चस्पा किया है। विक्रांत द्विवेदी सीओ अलीगंज एटा पुलिस ने मंगलवार को उनके आवास पर जाकर किया नोटिस चस्पा आरोपियों के खिलाफ कोर्ट ने कुर्की के आदेश जारी किए हैं

## संक्षिप्त समाचार

# दस हजार की रिश्वत लेते हुए बांट-माप निरीक्षक को रंगे हाथ पकड़ा

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-अधिकृत फर्म को प्रमाणपत्र जारी करने के लिए दस हजार की रिश्वत लेते हुए बांट-माप निरीक्षक को रंगे हाथ पकड़ा गया। एंटी करप्शन टीम आगरा-अलीगढ़ ने संयुक्त रूप से ये कार्रवाई उन्हीं के कार्यालय में की। कोतवाली देहात थाने में अब कानूनी कार्रवाई की जा रही है। शिकोहाबाद रोड स्थित मोहल्ला सुनहरीनगर निवासी विपिन गुप्ता की रजिस्टर्ड फर्म है। इस फर्म से दुकानदार, पेट्रोल पंप तथा राशन डीलर के कांटों का सत्यापन करते हैं और उनको प्रमाणपत्र जारी करवाते हैं। प्रमाणपत्र विधिक माप विज्ञान बांट तथा माप वरिष्ठ निरीक्षक अनुराग सिंह कुशवाहा के हस्ताक्षर पर जारी होते हैं। आरोप है कि प्रमाणपत्र जारी करने के लिए निरीक्षक ने दस हजार रिश्वत मांगी थी। इसकी शिकायत पीड़ित ने एंटी करप्शन टीम से की थी। बुधवार को अलीगढ़, आगरा की टीम मंडी समिति स्थित बांट-माप कार्यालय पर पहुंची और रंगे हाथ अनुराग सिंह कुशवाहा वरिष्ठ निरीक्षक को रिश्वत लेते हुए पकड़ा। टीम इन्हें कोतवाली देहात ले जाकर कानूनी कार्रवाई कर रही है दो-दो हजार के थे पांच नोट, मौके से मिले- एटा। पहले से तैयारी करके पहुंची टीम ने दो-दो हजार के पांच नोट के साथ अधिकारी को पकड़ा। रुपये पर पाउडर लगा हुआ था। देर रात तक इस मामले में कार्रवाई चलती रही।


# माताराानी की निकली शोभायात्रा, घर घर उतारी आरती



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-रामनवमी पर्व के उपलक्ष में मारहरा कस्बा में महाकाली की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्तजनों ने घर- घर मातारानी की आरती उतार कर प्रसाद ग्रहण किया। शोभायात्रा का शुभारम्भ मुहल्ला बस्ती स्थित माता मंगला काली से सीओ सदर सुधांशु शेखर, एसओ सत्यपालसिंह, डॉ0 सुबोध सक्सेना एंव राहुल भारद्वाज द्वारा सयुक्त रूप से मातारानी के नौ स्वरूपों की आरती उतार कर किया गया। शोभायात्रा मंदिर से शुरू होकर बड़ा बाजार, तालागढ़, पिदौरा अड्डा, पैठ, कायस्थान. ब्रह्मनपुरी आदि मुहल्लों से होती हुई वापस मंदिर पहुंच कर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में देवी, देवताओं और महापुरुषों की दो दर्जन से अधिक झांकियां शामिल की गईं। इस दौरान बाबा खाटू श्याम की झांकी और काली का अखाड़ा आकर्षण का केंद्र बना रहा। कालीस्वरूप कलाकारों ने हैरतअंगेज तलवारबाजी से सभी का मन मोह लिया। वहीं राधा कृष्ण के नृत्य की झांकी भी अपनी ओर लोगों को आकर्षित करती रही। इस दौरान डीजे एव बैंडबाजों की धुनों पर युवाभक्त जमकर थिरके। श्रद्धालुओं ने घर- घर मातारानी की आरती उतारकर प्रसाद ग्रहण किया। सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिसबल के व्यापक प्रबंध रहे। इस अवसर पर प्रेमचन्द्र साहू, गौरव गुप्ता, महेंद्र दिवाकर, सुनील वार्ष्णेय, राजेश कुमार, योगेश मुदगल, अनिल शर्मा, राहुल साहू, राहुल जोशी, मोहित जोशी, विशाल सक्सेना आदि के साथ- साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे

# प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों पर नहीं गैस, बीपी, शुगर की दवाएं



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-गरीब वर्ग के लोगों को सस्ता दवाएं उपलब्ध कराये जाने को प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों का संचालन किया गया है। जहां से गरीब तबके के लोग सस्ती जैनरिक दवाओं खरीदकर बीमारियों से राहत पा सके। वर्तमान में जन औषधि केंद्रों पर गैस, बीपी, सुगर तक की दवाएं उपलब्ध नहीं है। जिले में मेडिकल कालेज परिसर, गांधी मार्केट और जिला पंचायत परिसर में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। मेडिकल कालेज परिसर स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर सर्वाधिक मरीज सस्ती जैनरिक दवायें लेने पहुंचे। ओपीडी में चिकित्सकों की ओर से लिखी जा रही दवाएं जब मेडिकल कालेज में नहीं मिलती है। तब वह सीधे प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर पहुंचते है। वहां से भी उनको मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। इन केंद्रों पर जीवनरक्षक दवाओं की तो बात दूर बीपी, सुगर, गैस तक की दवाओं का अभाव है। मेडिकल कालेज जन औषधि केन्द्र संचालक मुलायम सिंह ने बताया कि वर्तमान में उनके यहां 100 से 120 तरह की दवाएं उपलब्ध है। बीपी, सुगर, गैस की दवायें कुछ दिनों से खत्म हो गई हैं। जिनका आर्डर ऑनलाइन लगा दिया गया है। एक सप्ताह में दवायें केन्द्र पर उपलब्ध हो जाएगी।

# संजीव यादव बाबा आमटे स्मृति सम्मान से सम्मानित होंगे



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-उत्तर प्रदेश परिवहन निगम कासगंज डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक श्री संजीव यादव को आगामी पृथ्वी दिवस सम्मेलन में 22 अप्रैल को दिल्ली में किंग्सवे कैंप स्थित हरिजन सेवक संघ के सभागार में आयोजित समारोह में प्रख्यात समाजसेवी बाबा आमटे स्मृति सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। श्री यादव को यह सम्मान बीते वर्षों में उनके समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु दिया जा रहा है। श्री यादव को यह सम्मान प्रख्यात पर्यावरणविद पद्मश्री श्री लक्ष्मण सिंह लापोडिया और प्रख्यात गांधीवादी हरिजन सेवक संघ के अध्यक्ष डा0 श्री शंकर कुमार सान्याल जी प्रदान करेंगे। यह जानकारी नव प्रभात जन सेवा संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती सुमन द्विवेदी ने दी है।

# जेल का निरीक्षण किया




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-कासगंज,जनपद के आला अधिकारियों ने जिला जेल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर , पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने जिला जज सैयद मौज बिन आसिम के साथ जनपद की पचलाना स्थित जेल का निरीक्षण किया।जिला जेल में बंदी पाक शाला , अस्पताल, क्रीड़ा स्थल एवं बैरकों का निरीक्षण किया।

तथा साफ़ सफाई रखने के आवश्यक निर्देश संबंधितों को दिये। अधिकारियों ने मौनेटरिग कक्ष का भी निरीक्षण किया। तथा महिलाओं बच्चों की स्थिति पर विशेष ध्यान दिए जाने के ,संबन्धितों को निर्देश दिए।


# सीटी यूनिवर्सिटी लुधियाना के स्कूल ऑफ लॉ के छात्रों ने पंजाब विधानसभा का दिया दौरा




सत पाल सोनी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

लुधियाना - सीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लॉ ने फाइनल वर्ष के छात्रों के लिए %विधानसभा% विजिट का आयोजन किया। इस के दौरान छात्रों ने विधान सभा के लाइव सत्र में भाग लिया। 60 से अधिक छात्रों, छात्रों ने कानून बनाने वाली शाखा का दौरा किया और राज्य विधानमंडल से संबंधित विभिन्न पहलुओं के बारे में सीखा। छात्रों ने बजट सत्र 2023 में भी भाग लिया। सत्र की कार्यवाही में वर्ष 2023-24 के बजट अनुमानों पर सामान्य चर्चा, वर्ष 2023-24 के बजट अनुमानों के संबंध में अनुदान मांगों पर चर्चा और मतदान, निर्वाचित समितियों के गठन के संबंध में प्रस्ताव वर्ष 2023-24 के लिए पंजाब विधान सभा, नियम 16 के तहत सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने, विधायी कार्य के संबंध में प्रस्ताव आयोजित किया गया। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने विधानसभा में 2023-24 के लिए 1.96 लाख करोड़ रुपये का राज्य का बजट पेश किया, जो मुख्य रूप से कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों पर केंद्रित था। सत्र के विभिन्न एजेंडों पर विधान सभा की कार्यवाही में शामिल होकर सभी छात्रों ने सीखने का शानदार अनुभव अर्जित किया है। स्कूल ऑफ लॉ की प्रिंसिपल डॉ. सिमरन ने कहा, संसदीय प्रक्रियाओं में युवाओं की रुचि से लोकतंत्र मजबूत होगा। ऐसे सत्र छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने में मदद करते हैं। कार्यकारी वाईस चांसलर डॉ सतीश ने भी इस सहराना की।

# साहनेवाल विधान सभा क्षेत्र के विधायक ने अपनी एक महीने की तनखाह किसानों की नुकसानी फसल के मुआवजे में देने का किया एलान



सत पाल सोनी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

